तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **सुमेन्द्र राज माथुर** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या—ऑनलाईन अपील संख्या 353238963972292	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
13/01/26	अपीलार्थी सुमेन्द्र राज माथुर निवासी 35, शांति नगर चौपासनी स्कूल के पास, जिला जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 29.09.2025 आयुक्त नगर निगम, जोधपुर से प्लॉट–77 हिंगलाज नगर सूथला, जोधपुर पर किये गए अवैध निर्माण से सम्बन्धित सूचना व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी उपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने अपने पत्रांक 01 दिनांक 02.01.2026 द्वारा कार्यालय के पत्र दिनांक 09.10.2025 द्वारा कार्यालय नगर निगम (उत्तर/दक्षिण) जोधपुर से संबंधित होने के कारण उक्त कार्यालय को प्रेषित कर प्रार्थी को सूचित करवाये जाने के संबंध में अवगत करवाया है। अतः लोक सूचना अधिकारी की उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2026.01.13 13:25:27 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
19900351